# मैं तो हो गया पागल खाटू का दुनिया को बताना है

मुझसे चदा नशा है श्याम नाम का
कोई रस्ता बताओ मुझे खाटू धाम का
दुनिया के तोड़ के बंधन खाटू नगरी जाना है
मैं तो हो गया पागल खाटू का दुनिया को बताना है

वो गिरते हुए को उठाता है बाबा हारे का साथ निभाता है
शीश के दानी के दर पे झुकता सारा जमाना है
मैं तो हो गया पागल खाटू का दुनिया को बताना है

वो सब के दिल की सुनता है जो मांगे वो सब कुछ देता है
कोई न लौटा खाली दिया अनमोल खजाना है
मैं तो हो गया पागल खाटू का दुनिया को बताना है

खाटू वाले के रंग में रंग जाऊ
वो मेरा मैं उसका हो जाऊ
मुश्किल हो चाहे कुछ भी वो करके ही दिखाना है
मैं तो हो गया पागल खाटू का दुनिया को बताना है

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/16776/title/main-to-ho-geya-pagal-khatu-ka-duniya-ko-batana-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |